आयुर्वेदिक चिकित्सालय में भगवान धन्वंतरि की जयंती पर विशेष पूजा अर्चना हुई

देवली(निसं)। आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि की जयंती पर रविवार सुबह शहर के आयुर्वेद चिकित्सालय में भगवान धन्वंतरि की विधिवत पूजा अर्चना का आयोजन किया। इस मौके पर वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी

■ **इस उपलक्ष पर डॉक्टर पी एल जांगिड़ ने आयुर्वेद चिकित्सा का महत्व बताया**

देवली शहर के आयुर्वेद चिकित्सालय में भगवान धन्वंतरि की विधिवत पूजा अर्चना का आयोजन किया।

डॉ. पीएल जांगिड़ ने बताया कि भगवान धन्वंतरि जयंती पर आयुर्वेद चिकित्सालय के समस्त कर्मचारी ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की और लोक कल्याण एवं आमजन के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। यह पूजा पं अशोक शर्मा व पवन गौत्तम ने करवाई। इस दौरान भगवान धन्वंतरि को धूप-दीप और भोग भी लगाया गया। भगवान धन्वंतरि की जयंती के अवसर पर चिकित्सालय परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दर्जनों लोगों के साथ डॉ पी एल जांगिड़ ने भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना के बाद आरती की। इस मौके पर डॉ. जांगिड़ ने लोगों को धन्वंतरि जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर निरोगी काया पाई जा सकती है साथ ही उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में जन सेवा समिति अध्यक्ष नवल मंगल समेत डॉ. ललिता मीना , डॉ. हजारीलाल, वरिष्ठ कम्पाउण्डर हीरालाल बैरवा, मनोज कुमार, कम्पाउण्डर रामनिवास सेन, दयाराम, साधना, संतोष मीणा, जितेन्द्र सिंह, पल्लवी सिंह, ज्योत्सना सिंह (योग प्रशिक्षक) एवं , शिवजीराम प्रतिहार, राजेन्द्र कुमार शर्मा, राजेन्द्र जिन्दल, घीसालाल टेलर, समेत शहर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

दीपावली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

कोटपूतली । दीपावली महापर्व के मध्यनजर क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाये रखने हेतु रविवार को जिला पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस कप्तान देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी व जवान शहर के मुख्य मार्गों, बाजारों एवं भीड़ भाड़ वाले ईलाकों में पैदल मार्च करते नजर आये। फ्लैग मार्च में एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेंद्र कुमार बुरड़क, थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा समेत बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने बाजारों में दुकानदारों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भरोसा दिलाया और शांति एवं सौहार्द से त्यौहार मनाने की अपील की।

पुलिस ने शहर के प्रमुख बाजार, बस स्टैंड एवं व्यस्त गलियों में पैदल गश्त करते हुये सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने कहा कि दीपावली पर कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिले भर में विशेष गश्त की जा रही है। पुलिस के जवानों को चौकसी बढ़ाने और हर

■ **पुलिस अधिकारी व जवान शहर के मुख्य मार्गों, बाजारों एवं भीड़ भाड़ वाले ईलाकों में पैदल मार्च करते नजर आये**

संवेदनशील स्थान पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। एएसपी वैभव शर्मा व डीएसपी राजेंद्र कुमार बुरड़क ने बताया कि शहर के हर क्षेत्र में पुलिस की गश्त और निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि आमजन बिना किसी भय के पर्व का आनंद ले सकें। क्षेत्रवासियों ने पुलिस के इस कदम की सराहना करते हुये कहा कि फ्लैग मार्च से सुरक्षा का माहौल व विश्वास और भी मजबूत हुआ हैं। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के निर्देशानुसार जिले के सभी डीएसपी व थानाधिकारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में त्यौहार के मध्य नजर भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

सार-समाचार

आठ माह से फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

टोंक(निसं)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में वृताधिकारी उनियारा देवेन्द्र के सुपुरविजन में थानाधिकारी द्वारा गठित टीम ने सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर महिला की फोटो को एडिट करके अश्लील शब्द लिख कर विभिन्न सोशल मिडिया पर डालने एवं अश्लील कमेन्ट करने के आरोप में फरार वांछित दिनेश पुत्र नाथु लाल बैरवा उम्र 30 साल निवासी बाडा अब्दुलापुरा थाना मेहन्दवास को गिरफ्तार किया जाकर मुल्जिम के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन जप्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज पूर्व में ही लम्बित है, जिसे केम्प कोर्ट मे पेश किया जावेगा।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही

टोंक (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा सुरक्षा टीम ने कार्यवाही करते हुए देवली मुख्यालय स्थित माहेश्वरी डेयरी से मावा, केक लेवर से मावा बर्फी, श्री लक्ष्मी जोधपुर मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, गोविन्द स्वीट्स से मलाई बर्फी, जोधपुर मिठाई वाला से मावा बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया तथा जांच रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुजर ने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

''रन फॉर मेजर मुस्तफा''21 को

उदयपुर, 19 अक्टूबर। देश के लिए शहीद हुए शहर के वीर सपूत शौर्यचक्र विजेता मेजर मुस्तफा की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर 21 अक्टूबर को ''रन फॉर मेजर मुस्तफा'' के कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। संयोजक पार्षद हिदायत तुल्ला ने बताया की पिछले ०3 वर्ष से ''रन फॉर मेजर मुस्तफा'' में शहर के गणमान्य नागरिक, स्कूल के बच्चे, स्कूली बैंड, एनसीसी कैडैट्स, शहीद अभिनव नागौरी का माता पिता, शहीद अर्चित वर्डिया की माता शामिल होते है। संयोजक हिदायत तुल्ला ने सभी शहर वासियों से अपील की है दिपावली त्यौहार के सुनहरे मौके पर शहीद को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें रन फॉर मुस्तफा फतह सागर पी.पी. सिंघल मार्ग से प्रारम्भ होगी जिसको मेजर मुस्तफा की माता पिता जकीउद्दीन एवं फातिमा बोहरा सुबह 8.30 बजे झण्डा दिखाकर रवाना करेंगी जो बच्चों के बैंण्ड की धुनों , तिरंगो के साथ एवं मेजर साहब की तख्तीयां हाथों में लेकर रवाना होकर फतहसागर पाल पर समाप्त होगी ।

दीपोत्सव पर हाई मास्क लाइट से रोशन हुए तीन चौराहे

उदयपुर, 19 अक्टूबर। दीपोत्सव पर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के विधायक मद से शहर के तीन चौराहे रोशन हुए है। तीन चौराहो पर हाई मास्क लाइट का उद्घाटन शहर विधायक ताराचंद जैन ने किया।

■ **उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के मद से हाई मास्क लगी लाइट**

शहर में विकास को गति प्रदान करते हुए दीपावली के शुभ अवसर पर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन के विधायक मद से 10 लाख रूपये कि लागत के शहर के तीन चौराहों को हाई मास्ट लाईट का उद्घाटन कर जगमग किया। शहर के अरावली वाटिका के बाहर, फतहसागर रोड तिराहे पर, उदियापोल चौराहे पर और केशव चौराहा यूनिवर्सिटी रोड पर हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया है। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद महेंद्र भगोरा, लोकेश कोठारी, मंडल अध्यक्ष रणजीत दिगपाल, विजय आहूजा, राजकुमार चित्तौडा, निवर्तमान गैराज समिति अध्यक्ष मनोहर चौधरी, मुकेश शर्मा, विजयप्रकाश विप्लवी, पूर्व पार्षद ओम चित्तौडा, जगत नागदा सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दीपावली पर भी अस्वच्छ है हमारी झीलें , घाट : दीपावली पर घर मोहल्लों की हुई सफाई में पिछोला झील अछूती ही रह गई । रविवार को झील निरीक्षण पर पहुंचे झील प्रेमियों ने देखा कि घाटों पर गंदगी पसरी हैं वहीं जल सतह पर विभिन्न प्रकार का कचरा तैर रहा है। अमरकुंड घाट पर हुए संवाद में झील प्रेमियों ने कहा कि उदयपुर की सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक व्यवस्था की आधार झीलों को दीवाली जैसे बडे पर्व पर भी अस्वच्छ रखना नागरिक व प्रशासनिक गैर जिम्मेदारी है। इस अवसर पर डॉ अनिल मेहता, सहित स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे।

जिले की स्पेशल टीम व पनियाला थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही

कोटपूतली (निसं) । जिले के बानसूर थाना क्षेत्र में विगत 24 जून 2025 की दोपहर बाईपास रोड़ पर शराब ठेकेदार सुनील उर्फ टुल्ली की फायरिंग कर हत्या करने के मामले में जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) व पनियाला थाना पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये अन्तर्राज्यीय गैंग के सदस्य संजय (24) पुत्र सुनील जाट निवासी कालबा थाना नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ़ को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया हैं।

इस सम्बंध में जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने रविवार को निकटवर्ती पनियाला पुलिस थाना पर प्रैस वार्ता को सम्बोधित करते हुये बताया कि एएसपी वैभव शर्मा के निर्देषन में डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क के सुपरविजन में पनियाला एसएचओ रणवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीमों ने अन्तराष्ट्रीय गैंग लॉरेंस विश्नोई का सरगना व कुख्यात अपराधी विक्रम उर्फ लादेन व हरि बॉक्सर का गुर्गा थाना भाबरु के प्रकरण सं. 125/2025 में वांछित अपराधी संजय जाट निवासी कालबा थाना नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) की थानाधिकारी रणवीर सिंह को सूचना देने पर थानाधिकारी मय जाप्ता बिंजाहेड़ा रोड़ पर पहुंचकर नाकाबंदी कर बड़ी मुश्किल से वांछित अपराधी संजय जाट को डिटेन किया।

एसपी ने बताया कि संजय जाट की गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपयों का ईनाम रखा गया था। जिस पर आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न संगीन अपराधों में हरियाणा के नांगल चौधरी में 06 व निजामपुर में 01 एवं कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर में 01 प्रकरण दर्ज हैं। मुल्जिम संजय जाट को अवैध हथियार 01 विदेशी पिस्टल ब्रेटा मेड इन इटली मय 06 जिन्दा कारतूस मय 02 मैगजीन, 07 देशी पिस्टल मय मैगजीन, 03 देशी कट्टे, 01 पचफेरा, 05 जिन्दा कारतूस देशी कट्टा, 09 जिन्दा कारतूस पिस्टल एवं अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा हैं। जिसके कब्जे से घटना के वक्त काम में ली गई बोलेरो कैम्पर बिना नम्बरी को जप्त कर 12 देशी व विदेशी हथियार तथा कुल 20 जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं।

एसपी ने कहा कि संगठित अपराधों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी। जिला पुलिस संगठित अपराधों और अवैध हथियारों के नेटवर्क पर लगातार प्रहार कर रही है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा।

मारपीठ मामले में तीन आरोपी गिफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक उनियारा एवं थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 16 अक्टूबर को रात्रि के दौरान पीएचईडी, एईएन जयप्रकाश के साथ षडयन्त्रकर्ता आरोपी घासीलाल पुत्र श्योराज के द्वारा भेजे गये जयप्रकाश के आवास में प्रवेश कर मारपीट करने वाले आरोपी मनीष पुत्र रामजस मीना उम्र 30 साल निवासी माणी थाना करवर व राहुल पुत्र कन्हैयालाल मीना उम्र 25 साल निवासी लसाडिया थाना अलगीढ को गिरफ्तार उनियारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एईएन जयप्रकाश 16 अक्टूबर को रात्रि में कार्यालय में आवश्यक कार्य हेतु रुका हुआ था, तभी रात्री में घासीलाल मीणा व चेतराम मीणा ने आपराधिक षडयन्त्र रचकर योजनापूर्वक तरीके से दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों को भेज कर उसके साथ लोहे के सरिये के साथ भेजा, जिन्होने रात्री में एईएन आवास में प्रवेश कर उसके साथ गम्भीर मारपीट कर घायल कर दिया।

दीपावली पर रंग रोगन एवं रोशनी

उदयपुर। राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित दीपावली के त्योहार पर राजकीय विद्यालय में रंग रोगन एवं रोशनी सजा करने के निर्देश पर पीएम श्री राजकीय फतह उमावि सूरजपोल उदयपुर में रंग रोगन एवं रोशनी की व्यवस्था की गई है ।

विधायक प्रतिनिधि भरत कुमार मेहता ,जगदीश शर्मा सुथार एवं प्रधानाचार्य गजेंद्र आवोत एवं विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव गोपाल सिंह आसोलिया ने राज्य सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक बताया है तथा पहली बार राजकीय विद्यालयों में इस तरह के आदेश जारी किए राजकीय विद्यालय विद्यालयों में भी दीपावली पर्व को धूमधाम से मनाया जा सकेगा।

त्योहारों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पावटा में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने पैदल मार्च किया।

पावटा(निसं)। आगामी त्यौहारों दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर उपखंड विराटनगर व पावटा में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

इसी क्रम में रविवार को जिला कोटपुतली बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं विराटनगर थाना प्रभारी सोहन लाल व नेतृत्व में उपखंड विराटनगर व प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में उपखंड पावटा में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ नगर में पैदल मार्च किया गया। पुलिस बल ने कस्बे के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च कर लोगों में सुरक्षा का संदेश दिया।

विराटनगर थाना प्रभारी सोहनलाल, प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह ने बताया कि आगामी

■ **सभी त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाए तथा किसी अफवाह पर ध्यान ना दें।**

त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की शरारती व असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाए तथा किसी अफवाह पर ध्यान ना दें। वही थाना प्रभारियों द्वारा युवाओं को मर्यादित आचरण रखने व सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखने की हिदायत दी गई।

पुलिस ने कहा कि किसी भी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाने या चौकी को दें। गश्त के दौरान दुकानदारों व स्थानीय नागरिकों से बातचीत की। पुलिस उपाधीक्षक विराटनगर शिप्रा राजावत ने बताया कि त्योहारी सीजन में पुलिस की विशेष निगरानी टीमें सक्रिय रहेंगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। उन्होंने बाजारों में सीसीटीवी कैमरों के प्रभावी उपयोग, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

पटाखों से सजा पावटा का लाखोड़ी बाजार, 30 प्रतिशत तक बढ़ी कीमतें

पावटा(निसं)। दीपावली का पर्व रोशनी, मिठास और खुशियों के साथ-साथ पटाखों की चमक के बिना अधूरा माना जाता है। हर साल की तरह इस बार भी पावटा कस्बे सहित आस पास के क्षेत्रों के बाजारों में एक से बढ़कर एक पटाखों की रौनक दिखाई दे रही है। पावटा कस्बे के लाखोडी में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी विशेष पटाखा बाजार सजाया गया है।

यहां लगभग 58 दुकानें लगाई गई हैं, जहां छोटी दिवाली की सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय गाइडलाइनों का पालन करते हुए यहां पटाखों की दुकानें लगाई गई हैं। फायर सेफ्टी की व्यवस्था की गई है। ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। पटाखा विक्रेताओं का कहना है

लाखोड़ी में सजी पटाखों की दुकान।

कि इस बार बाजार में कई बड़े ब्रांड के पटाखे उपलब्ध हैं। विक्रेताओं नीरज सैन, नीलेश चौधरी, जीतू राठी, सुशील योगी, मुकेश टांक के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस बार पटाखों की कीमतों में 30 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। इसके बावजूद दीपावली के जोश में कमी नहीं है। ग्राहकों का कहना है कि कीमतें बढ़ी जरूर हैं, लेकिन त्योहार पर थोड़े बहुत पटाखा फोड़ना तो बनता ही है।

पावटा कस्बे के लाखोडी में यह

■ **पावटा कस्बे के लाखोडी में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी विशेष पटाखा बाजार सजाया गया**

पटाखा बाजार इन दिनों रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक पैकेजिंग से दमक रहा है। पटाखों के शौकीनों के लिए यहां हर तरह की वैरायटी मौजूद है। पारंपरिक फुलझड़ी से लेकर नए डिजाइन वाले इको-फ्रेंडली क्रैकर्स तक। दीपावली की तैयारी के बीच पटाखा बाजार इस समय पूरी तरह सज-धज कर त्योहार का स्वागत करने को तैयार है।

कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज

क्रमांक: F-52/DC/KPZ/2025/1318 दिनांक : 16.10.2025

प्रारूप-5

नियम-6(2)

अनापत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखे गये व्यक्तियों संधारित 69-क में पट्टा चाहने हेतु आवेदन किया गया है ।इस 69-क पट्टा बाबत् कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति/संस्था/हितभारी को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदानुसार निपटारा किया जायेगा।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	पिता/पति का नाम	आवेदन स्थल का पता	आवेदित क्षेत्रफल
1	श्री मोहित तलवारिया	श्री राजेन्द्र कुमार सैनी।	भूखण्ड संख्या 13 वनस्थली मार्ग ससार चन्द्र रोड, जयपुर	113 व.ग.

उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर हैरिटेज

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय नगर पालिका किशनगढ़-बास (खैरथल-तिजारा)

12राणि



झाबर सिंह खर्रा
मंत्री-स्वायत शासन विभाग

आम जनता से अपील

▪ सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें। ▪ स्वामित्व योजना के तहत आबादी में आवासीय पट्टा योजना का लाभ लें। ▪ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ लें। ▪ जल शक्ति अभियान के तहत पानी को व्यर्थ न बहने दें। ▪ स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपनी पंचायत, गांव, मोहल्ले व घरों के सामने स्वच्छता बनाएं रखें। ▪ साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कचरा निर्धारित स्थान पर डालें। ▪ खुले में शौच नहीं करें, शौचालय का निर्माण करवायें। ▪ पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। ▪ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। ▪ प्रदुषण मुक्त यातायात साधनों का उपयोग करें। ▪ जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवायें। ▪ शिक्षा से वंचित सभी बालक -बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन करवायें एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा दें। ▪ बाल विवाह सामाजिक अपराध है इसे रोकें। परिवार नियोजन अपनायें। ▪ हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं।

तारामणि सिंघल
अध्यक्ष

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान संकल्प

मैं संकल्प लेता / लेती हूँ कि- 1. जल का संरक्षण करूंगा / करूंगी। दैनिक जीवन में जल का विवेकपूर्ण उपयोग करूंगा / करूंगी और अपव्यय नहीं करूंगा / करूंगी। अपने परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाऊंगा / फैलाऊंगी। 2. वर्षा जल संग्रहण और संरक्षण को प्रोत्साहित करूंगा / करूंगी। 3. पारंपरिक जल स्त्रोतों- कुएँ, बावड़ी, तालाब आदि के संरक्षण और पुनर्जीवन में सहयोग करूंगा / करूंगी। 4. भावी पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल एवं पर्यावरण संरक्षण, हरियालो राजस्थान, स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने में योगदान दूंगा / दूंगी। 5. जल-जंगल-जन- एक प्राकृतिक बंधन एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में अपने कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा से पालन करूंगा / करूंगी।

आम जनता से अपील

▪ जल शक्ति अभियान के तहत बरसाती पानी को व्यर्थ न बहने दें। ▪ अपनी पंचायत, गांव, मौहल्ले व घरों के सामने स्वच्छता बनाए रखें। ▪ साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। ▪ खुले में शौच नहीं करें, शौचालयों का निर्माण करवायें। ▪ पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए। ▪ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। ▪ प्रदुषण मुक्त यातायात साधनों का उपयोग करें। ▪ जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवायें। ▪ शिक्षा से वंचित सभी बालक-बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन करवायें एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान को बढ़ाव दें। ▪ बाल विवाह सामाजिक अपराध है, इसे रोकें। ▪ परिवार नियोजन अपनाये।

हरियाली राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं

अपने मवेशियों को खुले में ना छोड़ें

घर का कचरा, कचरा संग्रहण वाली गाड़ी में ही डालें।

सार्वजनिक संपत्तियों को पोस्टर, बैनर, वॉल पेंटिंग लगाकर बदरंग ना करें।

"आओ मिलकर बनाएं स्वच्छ बड़ौदामेव"
"एक कदम स्वच्छता की ओर"
Make The World A Beautiful Place,
Start Reducing Our Plastic Waste. Stop Using Plastic.
Save The Planet. Cut Down On Plastic.

कूड़े को कचरा पात्र में ही डालें।

प्लास्टिक थैलियों को कहें अलविदा

प्रयोग करें- जूट, कागज और कपड़े का थैला।

शुभेच्छु : समस्त पार्षद नगर पालिका किशनगढ़-बास